हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - भारत ने पिछले बारह वर्षों में पर्यावरण से संबंधित हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की।
- प्रधानमंत्री ने 20वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी संगठनों मे नौकरी पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- श्री मोदी ने कहा - करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता होने से युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार खुले।
- फरीदाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 91 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए और युवाओं से विकसित भारत की निर्माण यात्रा में सहभागी बनने का आहवान किया।
- 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज पलवल और जींद में 'नमो क्रिकेट लीग' का  आयोजन किया गया।

----------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्रम मोदी ने आज नई दिल्ली में ‘पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य’ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है।

*कार्बन एमिशन की जिम्मेदारी गलत तरीके से विकासशील देशों पर डाली जाती रही है। जबकि ऐतिहासिक सच्चाई यह है, आज भी प्रति व्यक्ति कार्बन एमिशन में भारत का योगदान ग्लोबल एवरेज के आधे से भी कम है। विकसित देशों में भारत की तुलना में छह गुना ज्यादा प्रति व्यक्ति कार्बन एमिशन हो रहा है।*

श्री मोदी ने कहा कि भारत आज स्वच्छ परिवहन और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले बारह वर्षों में भारत ने पर्यावरण से संबंधित हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है।

*भारत जी-20 में इकलौता ऐसा देश है, जिसने पेरिस में कोप-21 समिट में जो भी कमिटमेंट्स किए थे, उन सारे कमिटमेंट्स को समय से पहले पूरा करके दिखाया है। नॉन फोसिल फ्यूल, सोलर एनर्जी कैपेसिटी, कार्बन एमिशन पर रोकथाम, हर पैरामीटर पर भारत की परफॉर्मेंस दुनिया में आज सकारात्मक रूप से चर्चा का विषय है।*

श्री मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत अन्य देशों के साथ मिलकर लगातार काम कर रहा है। भारत के वनक्षेत्र में भी वृद्धि हुई है।

----------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश भर मे 45 स्थानों पर आयोजित 20वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी संगठनों में नौकरी पाने वाले 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।श्री मोदी ने नवनियुक्त युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि देश एक बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है।

*मैं आप सभी युवा साथियों को और आपके परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज आप सभी एक ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़े हैं, जब देश एक बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, और ये लक्ष्य है- 2047 तक विकसित भारत बनाने का।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ाने के लिए भी काम कर रही है।उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं।

*भारत ने बीते कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी किए हैं। ये फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स-एफटीए, हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार बना रहे हैं। इस तरह के ट्रेड एग्रीमेंट्स से हमारे एंटरप्रेन्योर्स के लिए नई पार्टनरशिप के रास्ते खुलते हैं और हमारे युवाओं के लिए करियर में नई पॉसिबिलिटी बनती हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। गांवों, कस्बों और छोटे शहरों के युवा देश की नई अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

---------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने के मौके पर फरीदाबाद में आयोजित रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने की। फरीदाबाद में 91 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने नियुक्ति पाने वाले युवाओं से विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में प्रमुख सहभागी बनने का आह्वान किया।

---------------

पलवल में सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं को खेलों से जोड़ने और नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर आज नमो क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मंगला ने किया।

भाजपा उपाध्यक्ष दीपक मंगला ने कहा कि देश् के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी संकल्प और खेल के माध्यम से युवा शक्ति को सही दिशा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं में एक अच्छा संदेश जाता है।

-----------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आज जुलाना उप-मंडल के गांव गोसाईं खेड़ा स्थित 'हरियाणा नेशनल क्रिकेट एकेडमी' के खेल मैदान में 'नमो क्रिकेट लीग' का आयोजन किया गया। "नशे को ना, क्रिकेट को हां" के नारे के साथ युवाओं को नशा मुक्त भारत अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित इस लीग में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।मीडिया से बातचीत करते हुए मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प 'नशा मुक्त भारत' और 'हमारा युवा खेलेगा तो देश आगे बढ़ेगा' तभी साकार हो सकता है, जब युवा खेलों से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों के भी ऐसे आयोजन किए जाएंगे।

------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली के भारत मंडपम में दो दिवसीय 'विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा का वित्तपोषण' विषय पर आयोजित सम्मेलन में भाग लिया और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण हरियाणा के लिए "एकीकृत प्राकृतिक खेती और जल सुरक्षा फंडिंग पैकेज" देने की मांग की।बैठक के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस सम्मेलन में राज्यों व देश की अर्थव्यवस्था को और बेहतर बनाने व विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने को लेकर सार्थक चर्चा की गई। इसके अलावा कृषि और ऊर्जा क्षेत्र को आने वाले समय मे मजबूत करने के लिए भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तार से

चर्चा की गई। सम्मेलन में हरियाणा द्वारा कृषि और बागवानी क्षेत्र के लिए किए जा रहे बेहतर कार्यों को दिखाया गया, अन्य राज्यों ने भी अपने विचारों को सांझा किया।

----------------

हरियाणा के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने आज सेवा संकल्प अभियान के तहत पंचकूला के माता मनसा देवी मंदिर के परिसर में आयोजित स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।श्री कृष्ण लाल पंवार ने माता मनसा देवी मंदिर के मुख्य द्वार के समीप बाजार में स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। उन्होंने कचरे को कूड़ेदान में डाल कर कचरे के उचित निपटान का संदेश दिया।

इससे पहले, उन्होंने गणमान्य व्यक्तियों के साथ मंदिर परिसर स्थित तिकोना पार्क में पौधारोपण भी किया।

श्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि शीघ्र ही जिला पंचकूला में ग्राम स्तर पर भी व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत एक साथ सभी गांवों में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

-----------------